# 4 राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया एवं नियम

1. राजस्थान विधानसभा द्वारा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम कब बनाए गये?
(1) 1968 (2) 1950
(3) 1956 (4) 2009 (3)

2. शून्य काल का समय कितने बजे प्रारम्भ होता है?
(1) 2 बजे (2) 10 बजे
(3) 12 बजे (4) 2:30 बजे (3)

व्याख्या– शून्यकाल में बिना किसी पूर्व सूचना के सार्वजनिक हित का कोई भी प्रश्न उठाया जा सकता है। जिस पर तुरन्त विचार करना आवश्यक हो।

3. विधानसभा सदस्यों द्वारा राज्य सरकार से कितने प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते है?
(1) 5 (2) केवल 1
(3) 3 (4) 4 (3)

4. निम्न में से विधानसभा सदस्यों द्वारा राज्य सरकार से पूछे जाने वाले तीन प्रकार के प्रश्नों में शामिल नहीं है?
(1) तारांकित (2) अतारांकित
(3) अल्पावधि (4) अल्पसूचना (3)

5. महिला एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष है?
(1) संजना जाटव (2) शोभा चौहान
(3) मंजू शर्मा (4) महिमा कुमारी (2)

व्याख्या– मंजू शर्मा, संजना जाटव व महिमा कुमारी 2024 में राजस्थान से लोकसभा में निर्वाचित होने वाली महिला सदस्य है।

6. सूची– I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

| सूची– I (विधानसभा समिति) | सूची– II (गठन) |
|---|---|
| (A) याचिका समिति | i 1968 |
| (B) राजकीय उपक्रम समिति | ii 1953 |
| (C) प्राक्कलन समिति (ख) | iii 1952 |
| (D) सदाचार समिति | iv 2015 |

कूट–

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | iv | i | iii | ii |

(3)

7. लोक लेखा समिति के संदर्भ में असत्य कथन है?
(1) समिति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।
(2) इसमें अधिकतम 15 सदस्य होते है।
(3) समिति सदन द्वारा एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित की जाती है।
(4) अध्यक्ष किसी भी समय इसकी पदावधि को 6 माह तक बढ़ा सकता है। (1)

व्याख्या– समिति का कार्यकाल 1 वर्ष का होता है तथा इसका गठन 10 अप्रैल, 1952 में हुआ है।

8. निम्न में से असत्य कथन है?
(1) प्राक्कलन समिति (क) व (ख) का निर्वाचन एक संक्रमणीय मत द्वारा किया जाता है।
(2) प्राक्कलन समिति (क) व (ख) अध्यक्ष द्वारा मनोनीत की जाती है।
(3) प्राक्कलन समिति (क) व (ख) में अधिकतम 15 सदस्य होते है।
(4) प्राक्कलन समिति (क) व (ख) का कार्यकाल एक वर्ष होता है। (2)

9. सूची– I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

| सूची– I (समिति) | सूची– II (अध्यक्ष) |
|---|---|
| (A) पर्यावरण समिति | i दयाराम परमार |
| (B) पिछड़ा वर्ग समिति | ii केसाराम चौधरी |
| (C) कार्य सलाहाकार समिति | iii कालीचरण सराफ |
| (D) राजकीय उपक्रम समिति | iv वासुदेव देवनानी |

कूट–

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | iv | i | iii | ii |

(2)

10. राजस्थान विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति का अध्यक्ष कौन होता है?
(1) नेता प्रतिपक्ष
(2) विधानसभा अध्यक्ष
(3) मुख्यमंत्री (4) राज्यपाल (2)

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

11. सूची– I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

| सूची– I (समिति) | सूची– II (अध्यक्ष) |
|---|---|
| (A) याचिका समिति | i हमीर सिंह भायल |
| (B) अनुसूचित जाति कल्याण समिति | ii विश्वनाथ मेघवाल |
| (C) अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति | iii फुलसिंह मीणा |
| (D) अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समिति | iv पब्बाराम विश्नाई |

कूट–

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | iv | i | iii | ii |

(2)

12. विधानसभा सदस्य अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने के लिए अनुच्छेद–179 के अन्तर्गत वह इस संकल्प की लिखित सूचना किसे देगा?
(1) राज्यपाल (2) मुख्यमंत्री
(3) राष्ट्रपति (4) सचिव (4)

13. अनुदानों पर मांग की गई राशि में कमी करने के लिए जो प्रस्ताव लाये जाते है?
(1) विश्वास प्रस्ताव (2) अविश्वास प्रस्ताव
(3) ग्राह्यता प्रस्ताव (4) कटौती प्रस्ताव (4)

14. निम्न में से असत्य कथन है– (1) राज्यपाल
(1) सदन का स्थगन व बैठक बुलाने के कार्य अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।
(2) अध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि राज्यपाल द्वारा निश्चित की जाती है।
(3) अनुच्छेद–174 के उपबन्धों के अधीन एक कैलेंडर वर्ष में विधानसभा में कम से कम 4 सत्र होंगे।
(4) सदन की बैठकें अध्यक्ष द्वारा तय की जाती है। (3)

**व्याख्या–** अनुच्छेद–174 के उपबन्धों के अधीन एक कैलेंडर वर्ष में विधानसभा में कम से कम 3 सत्र (शीतकालीन सत्र, बजट सत्र, वर्षाकालीन सत्र) होंगे।

15. अनुच्छेद–174 के अनुसार विधानसभा की एक कैलेंडर वर्ष में बैठकों की संख्या न्यूनतम कितनी होगी?
(1) 20 (2) 50
(3) 60 (4) 74 (3)

16. राजस्थान में लोक महत्त्व के किसी विषय पर स्थगन प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम कितने विधानसभा सदस्यों के हस्ताक्षर आवश्यक है?
(1) 30 (2) 20
(3) 10 (4) 100 (2)

**व्याख्या–** स्थगन प्रस्ताव लाने के लिए विधानसभा के 1/10 भाग के सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए। राजस्थान में केवल विपक्ष के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहा है।

17. लोक महत्त्व के किसी विषय को उठाने के लिए कम से कम कितने दिन पहले सचिव को सूचना देनी पड़ती है, जिस पर आधे घण्टे की चर्चा होती है।
(1) 5 दिन पहले
(2) आधे घण्टे पहले
(3) सदन की बैठक प्रारम्भ होने से पहले
(4) 3 दिन (4)

18. विधानसभा समितियों के संबंध में निम्न में से असत्य कथन है–
(1) सदस्य, अध्यक्ष को संबोधित करके पद त्याग कर सकते है।
(2) बैठक के लिए गणपूर्ति सदस्य संख्या का एक तिहाई होगी।
(3) गणपूर्ति नहीं होने की स्थिति में सभापति उस बैठक को निलंबित करेगा।
(4) किसी समिति की एक कलेण्डर माह में अधिकतम 20 बैठक आयोजित होगी। (4)

**व्याख्या–** किसी समिति की एक कलेण्डर माह में अधिकतम 15 बैठक आयोजित होगी।

19. निम्नांकित में से कौन सी, राजस्थान विधानसभा में कटौती प्रस्तावों की ग्राह्यता की शर्त नहीं है?
(1) उसका संबंध केवल एक माँग से होगा।
(2) उसमें वर्तमान विधियों का संशोधन या निरसन करने के लिए सुझाव नहीं दिये जायेंगे।
(3) उसमें विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जाएगा।
(4) वह उस विषय का निर्देश नहीं करेगी जो मुख्यतया राज्य सरकार का विषय नहीं हो। (3)


20. राजस्थान विधानसभा के संदर्भ में निम्न कथनों को ध्यान से पढ़िये–
(i) अध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो सदन तय करे।
(ii) उस तय तिथि की सूचना राज्यपाल प्रत्येक सदस्य को भेजेंगे।
सही कथन पहचानिये–
(1) (i) सही (ii) गलत है।
(2) (i) गलत (ii) सही है।
(3) (i) व (ii) दोनों गलत है।
(4) (i) व (ii) दोनों सही है। (3)

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।